## खबर संक्षेप

### बेलगाम ट्रक ने पैदल श्रद्धालु को कुचला, एक की मौत

**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित कोठी रोड पर नवरात्रि के दौरान दर्दनाक हादसा हुआ। पैदल चलकर मैहर में मां शारदा के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं के जत्थे को बेलगाम ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में एक श्रद्धालु गुलशन द्विवेदी 25 वर्ष की मौत हो गई,और चार गायों की भी मौत हो गई। गुलशन हर साल अपने परिवार के साथ करीब 100 किलोमीटर पैदल यात्रा करता था। घटना के बाद ट्रक और चालक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भल्ला डेयरी फार्म की बर्मी कंपोस्ट में कमी पाई गई

**सतना।** भल्ला डेयरी फार्म द्वारा बेची जा रही बर्मी कंपोस्ट (जैविक खाद) में मानक के अनुसार पोषक तत्वों की कमी पाई गई है। प्रयोगशाला जांच में खाद में नाइट्रोजन की मात्रा तय मानक से आधी,पोटास कम,और फास्फेट अधिक पाया गया,जिससे पौधों की वृद्धि में बाधा हो सकती है। खाद में जिंक की मात्रा भी 1000 एमजी की जगह केवल 192 एमजी मिली। इस खाद के क्रय,विक्रय और भंडारण पर तत्काल रोक लगा दी गई है। कृषि विभाग द्वारा इस मामले में कार्रवाई की जाएगी,ताकि किसानों को खराब गुणवत्ता की खाद से बचाया जा सके। यह कदम किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण चेतावनी के रूप में सामने आया है।

### मझगवां में हाट बाजार की व्यवस्था लागू

**सतना।** मझगवां में हर बुधवार को लगने वाली सब्जी की दुकानों की व्यवस्था में सुधार किया गया है। पहले बाजार रोड पर सड़क किनारे सब्जी की दुकाने लगने से जाम और भीड़-भाड़ की समस्या उत्पन्न हो रही थी। आईएएस महिपाल सिंह गुर्जर के प्रयासों से अब इन दुकानों को हाट बाजार में व्यवस्थित किया जाएगा। इसके तहत टीन शेड बनवाए गए हैं, जहां सब्जी विक्रेता अब अपने सामान को व्यवस्थित तरीके से बेच सकेंगे। यह कदम सड़क पर लगने वाले जाम को कम करने और आम लोगों की सुविधा के लिए लिया गया है।

### मझगवां पुलिस ने पशु लोड पिकअप वाहन पकड़ा

**सतना।** मझगवां थाना पुलिस ने एक पिकअप वाहन को पकड़ा,जिसमें छह मवेशी लोड थे। वाहन का नंबर यूपी 73 की 5854 था। पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर लिया और मामले में कार्रवाई शुरू की। यह कार्रवाई अवैध रूप से मवेशियों की तस्करी को रोकने के लिए की गई है। पुलिस द्वारा इस तरह की कार्रवाई से क्षेत्र में पशु तस्करी की रोकथाम के प्रयासों को बल मिलेगा और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### मैहर मेले के लिए 13 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें शुरू

**मैहर।** नवरात्रि मेले के दौरान भक्तों की सुविधा के लिए रेलवे ने कटनी साउथ और सतना के बीच 13-13 ट्रिप वाली अनारक्षित मैहर मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। यह ट्रेनें 24 सितंबर से 6 अक्टूबर, 2025 तक चलेंगी। ट्रेन संख्या 09015 (कटनी साउथ से सतना): यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह 5:05 बजे कटनी साउथ से चलेगी और 8:50 बजे सतना पहुंचेगी। रास्ते में यह पटवारा,झुकेही,पकरिया रोड, अमदरा,घुनवारा,भदनपुर,मैहर,उंचेहरा और लगरगवां स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09016 (सतना से कटनी साउथ): यह ट्रेन प्रतिदिन रात 7:25 बजे सतना से चलेगी और 11:50 बजे कटनी साउथ पहुंचेगी। यह भी उन्हीं स्टेशनों पर रुकेगी। इन ट्रेनों में सामान्य श्रेणी और एसएलआरडी कोच उपलब्ध हैं। समय-सारणी की अधिक जानकारी के लिए आप रेलवे हेल्पलाइन 139 या वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं।

### हमारा राष्ट्र विभिन्न पहलुओं पर आत्मनिर्भर बन रहा है: चतुर्वेदी

**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा पखवाड़ा' के तहत,मैहर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि आज हमारा राष्ट्र हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है,और पूरी दुनिया भारत की इस प्रगति को मान रही है। इस अवसर पर सीधी सांसद राजेश मिश्रा ने कहा कि ये कार्यक्रम एक विकसित राष्ट्र की कल्पना को साकार कर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने ने आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर जोर दिया,जबकि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कैलाश गौतम ने इसे 'आधुनिक नरेंद्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत' बताया। कार्यक्रम में कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मैहर में भक्तों की उमंग, मां शारदा के दर्शन को उमड़ रही भीड़







**सतना, मैहर।**

शक्तिपीठ मैहर में नवरात्रि का महापर्व पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। मां शारदा के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।नवरात्रि के पहले दिन से ही मैहर धाम में भक्तों का सैलाब देखने को मिल रहा है,जो दूर-दूर से मां के दर्शन और आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। सतना सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में भक्त मैहर पहुंच रहे हैं। सड़क मार्ग पर वाहनों और पैदल यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मैहर की ओर जाने वाले रास्ते पर सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है। कई श्रद्धालु अपनी आस्था और भक्ति का प्रदर्शन करते हुए पदयात्रा कर मैहर पहुंच रहे हैं,जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया है। प्रशासन ने भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।शहर के प्रवेश द्वारों पर पुलिस बल तैनात है और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए अतिरिक्त जवान लगाए गए हैं। मंदिर परिसर में भी भीड़ को नियंत्रित करने और दर्शनार्थियों की कतार व्यवस्थित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। भक्तों के लिए पानी,शौचालय और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। नवरात्रि के दौरान मैहर की रातें भी जगमगा रही हैं।मंदिर परिसर और उसके आसपास रंग-बिरंगी रोशनी से सजावट की गई है,जो भक्तों को और भी आकर्षित कर रही है। सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं,जिनमें भजन,कीर्तन और देवी गीतों की प्रस्तुति हो रही है।यह सब मिलकर मैहर में एक अद्भुत और आध्यात्मिक माहौल बना रहा है। मां शारदा के दर्शन के लिए भक्तों की यह उमंग और उत्साह देखने लायक है। मैहर में भक्तों की यह भीड़ न केवल उनकी गहरी आस्था को दर्शाती है,बल्कि यह भी साबित करती है कि मां शारदा का दरबार सभी के लिए खुला है। जैसे-जैसे नवरात्रि आगे बढ़ रही है,मैहर में भक्तों की संख्या और भी बढ़ने की उम्मीद है। प्रशासन भी इसके लिए पूरी तरह से तैयार है और भक्तों को सुरक्षित और सुखद दर्शन सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

# आंगनबाड़ी में सिलेंडर में लगी आग
## 20 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला





### पुलिस ने कंबल डालकर पाया काबू,कारण अज्ञात

**सतना।**

दिदौध ग्राम पंचायत स्थित रजहरा भठिया शासकीय प्राथमिक स्कूल में बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र के किचन में दोपहर के समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। कर्मचारियों ने बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया सूचना मिलते ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ने तुरंत किचन के पास मौजूद करीब 20बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी गई।

#### कंबल को पानी में डालकर पाया काबू

डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद कोठी थाना टीआई गिरिजा शंकर बाजपेई अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए एक कंबल को पानी में भिगोकर जलते सिलेंडर पर डाल दिया। इस तरह आग पर काबू पाया गया।

#### कारणों का नहीं चला पता

पुलिस की त्वरित कार्रवाई की ग्रामीणों ने सराहना की। सिलेंडर में आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जांच जारी है।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार लाखों का माल बरामद

**सतना।**



पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से लाखों रुपये के चोरी हुए गहने बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल तथा नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी. सिंह चौहान के मार्गदर्शन में सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में की गई।

#### घटना का विवरण

यह मामला तब सामने आया जब आवेदक रामजी कुशवाहा,निवासी मुक्तानगर,शेरगंज,ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े उनके घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली है। इस शिकायत पर तत्काल थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 613/25 धारा 331(1), 305 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया,जिसने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया,जिसकी पहचान संदीप गुप्ता पुत्र दुर्गा प्रसाद गुप्ता,निवासी रसिलपुर,दमोह के रूप में हुई।

#### आरोपी की गिरफ्तारी और बरामदगी

पुलिस की विशेष टीम ने तत्काल आरोपी संदीप गुप्ता 35 वर्ष को गढिया टोला चौराहे से दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे केंद्रीय जेल सतना भेज दिया गया है। आरोपी के पास से चोरी किया गया कुल 1,00,000 की कीमत का माल बरामद किया गया है,जिसमें दो जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने की मनचली,और दो पत्ती वाला सोने का मंगलसूत्र शामिल है।



# प्रभारी मंत्री ने मैहर में जीएसटी पर व्यापारियों से चर्चा की

**मैहर।**

मध्य प्रदेश की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री और मैहर की प्रभारी मंत्री,श्रीमती राधा सिंह, ने मैहर पहुंचकर मां शारदा देवी के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर के बाजार का दौरा किया और दुकानदारों से जीएसटी की दरों में कमी से होने वाले फायदों पर बातचीत की। उन्होंने 'लोकल फॉर वोकल' और स्वदेशी वस्तुओं की खरीद का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने खुद एक दुकान से सामान खरीदा और उसका भुगतान भी किया। मैहर रेलवे स्टेशन पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और उनके साथियों ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया।

## सिटी कोतवाली पुलिस ने चाकू से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने चाकू से हमला करने वाले आरोपी सोहेल कुरैशी को गिरफ्तार किया। घटना 18 सितंबर 2025 की रात की है,जब सोहेल कुरैशी और उसके साथी विशाल उर्फ दद्दा ने फरियादी मो.अरबाज पर हमला किया था। सोहेल कुरैशी फरार था,लेकिन पुलिस की सक्रियता के बाद उसे अंधेरी पुलिया के पास गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से चाकू भी बरामद किया गया और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा भी लगाई गई। आरोपी पहले भी कई अपराधों में संलिप्त रहा है और उसे न्यायालय द्वारा केंद्रीय जेल सतना भेजा गया।

#### अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया

कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। पुलिस ने फौजदारी के तहत कई अपराधियों को गिरफ्तार किया और उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया। इन आरोपियों के खिलाफ पूर्व में कई गंभीर मामले चल रहे थे। इस अभियान के तहत अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की गई,जिससे क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस का यह कदम अपराधियों को कानून का डर दिखाने और समाज में सुरक्षा का माहौल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हो सकता है।




## फार्मासिस्ट प्रीमियर लीग का समापन

**सतना।**

फार्मासिस्ट प्रीमियर लीग का समापन हो गया है,जिसमें मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की टीम विजेता बनी। उपविजेता का खिताब एएस फार्मेसी कॉलेज की टीम को मिला,जबकि रामकृष्ण फार्मेसी कॉलेज को फेयर प्ले अवार्ड से सम्मानित किया गया। विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने फार्मासिस्टों को स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी बताया।

### कृषि विभाग ने किसानों को रोग की पहचान व नियंत्रण के बताए उपाय

# धान की फसल में रोग और कीट के प्रकोप से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

जिले में गर्म मौसम, अधिक नमी और बारिश में अंतराल के कारण धान की फसल में ब्लास्ट रोग, जीवाणु पत्ती झुलसा रोग और भूरा माहू कीट का प्रकोप देखा जा रहा है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने किसानों को इन रोगों और कीटों से बचाव के लिए विशेष सलाह जारी की है।

ब्लास्ट रोग, पायरीक्यूलेरिया ओरिजे नामक फंगस के कारण होता है, इस रोग की शुरुआत पुरानी पत्तियों पर कत्थई एवं पीले रंग के अंडाकार धब्बे के रूप में होती है। ये धब्बे बाद में बड़े होकर किनारों पर भूरे रंग के और बीच में राख जैसे भूरे रंग के हो जाते हैं, जिन्हें आँख के आकार के धब्बे भी कहते हैं। गंभीर संक्रमण में ये धब्बे तो और दानों तक फैल सकते हैं, जिससे ₹नेक ब्लास्ट₹ होता है और दाने काले पड़ जाते हैं। इस रोग के प्रबंधन हेतु संतुलित मात्रा में नाइट्रोजन उर्वरक एवं पोटाश उर्वरक का उपयोग करें। नाइट्रोजन के अधिक प्रयोग से रोग का प्रकोप बढ़ सकता है। इस रोग के नियंत्रण हेतु, ट्राईसाइक्लाज़ोल 75% WP की 120 से 150 ग्राम मात्रा को 150 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिडकाव करे एवं आवश्यकता अनुसार 10 से 15 दिन बाद कासुगामाइसिन 3% SL 400 मि.ली. प्रति एकड़ का पुनः छिडकाव करें। हेक्साकोनाजोल 5% एससी का 400 मिलीलीटर या Azoxystrobin + Tebuconazole का 150 से 200 ग्राम प्रति एकड़ का भी प्रयोग किया जा सकता है।

यह रोग जैथोमोनास ओराइजी पीवी. ओराइजी नामक बैक्टीरिया (जीवाणु) के कारण होता है। इस रोग में पत्तियों की उपरी सतह के दोनो किनारों पर कत्थई एवं पीले रंग की धारियाँ दिखाई देती हैं जो बाद में लंबी होकर सिकुड कर झुलस जाती है एवं भूरी-सफेद पड़ जाती हैं सुबह के समय पत्तियों पर बैक्टीरिया के पीले रंग के तरल पदार्थ की बूँदे देखी जा सकती हैं। इस रोग के फैलाव को रोकने के लिए खेत में पानी के स्तर को नियंत्रित रखें, अधिक जल जमाव से बचें एवं रोग की अवस्था में यूरिया प्रयोग न करे अन्यथा यह रोग तजी से फैलता है। इस रोग के नियंत्रण के लिए कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50% डब्ल्यूपी की 500 ग्राम मात्रा एवं स्ट्रप्टोसाईक्लिन (स्ट्रेप्टोमाइसिन सल्फेट 90% + टेट्रासाइक्लिन हाइड्रोक्लोराइड 10% एसपी की 15-20 ग्राम मात्रा को प्रति एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें या कासुगामाइसिन 5%+ कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50% डब्ल्यूपी की 300 ग्राम मात्रा का प्रति एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। आवश्यकतानुसार 10-15 दिन बाद छिडकाव को पुनः दोहरावें।

#### भूरा माहू रस चूसक कीट

जिले में भूरा माहू कीट के प्रकोप से फसल को बचाने के लिए किसानों को सलाह दी गई है कि वह अपनी फसल का सतत देखभाल करते रहे इस कीट का प्रकोप पौधों के निचले भाग में होता है एवं उपरी सतह पर कीट का प्रकोप दिखाई नहीं देता है जल भराव वाले खेत में इस कीट के प्रकोप की ज्यादा संभावना होती है। कीट के प्रकोप की स्थिति में पतियों का व्यापक रूप से पीला पडना, भूरा होना, सूखना जो किनारो से शुरू होता है, इसका प्रकोप खेत में चकतो के रूप में दिखाई देना, जमीन के पास तनों में भूरे रंग का रस चूसक माहू कीट दिखाई देने पर नियंत्रण के उपाय अपनाये इसके लिए बारी बारी से खेतों में जल भराव करे फिर पानी को बाहर निकल दे और खेत को 3 से 4 दिनों के लिए सूखा रखें। अपनी धान फसल में माहू नियंत्रण हेतु रासायनिक दवाओं का प्रयोग करें, दवा को पौधे के नीचे तक पहुँचाना आवश्यक है। एक एकड में 150 से 200 लीटर पानी या 10 से 12 स्प्रेयर पंप (15 लीटर) के मान से छिडकांव करें। भूरा माहू से नियंत्रण के लिए कृषक पायमेट्रोजिन 50 प्रतिशत डब्लूजी 300 ग्राम/हेक्टेयर या डायनोटेफ्यूरोन 70 प्रतिशत डब्लूजी 85 ग्राम हेक्टेयर या डायनोटेफ्यूरोन 15 प्रतिशत डब्लूजी पाईमेट्रोजिन 45 प्रतिशत डब्लूजी 330 ग्राम हेक्टेयर या थायोमेथेक्जाम 25 प्रतिशत डब्लूजी 100-120 ग्राम/हेक्टेयर या इमीडाक्लोरोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल 150-200 मि.ली./हेक्टेयर या फिप्रोनिल 3 प्रतिशत ब्यूप्रोफेजिन 22 प्रतिशत 500 मि.ली. हेक्टेयर या ब्यूप्रोफेजिन 15 प्रतिशत एसीफेट 35 प्रतिशत 50 ग्राम/हेक्टेयर में से किसी भी एक रासायनिक दवा का प्रयोग कर धान फसल में भूरा माहू कीट से निदान पाया जा सकता है।

# महिलाओं को श्री विधि से धान उत्पादन एवं पशुपालन का दिया गया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा आयोजित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत अमंगवा में स्व-सहायता समूह 33 महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।



#### ऐसे लें सकते हैं अधिक उत्पादन

प्रशिक्षण के क्रम में कम लागत में धान की अधिक उत्पादन के लिए मेडागास्कर या श्री विधि का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत बताया गया कि 5 किलो धान बीज प्रति हेक्टेयर की नर्सरी तैयार कर 9 से 11 दिन के पौधे को उखाड़ कर आधे घंटे के अंदर कतार से कतार 9 इंच एवं पौधे से पौधे को 9 इंच की दूरी पर एक-एक पौधे सीधे लगा देते हैं। पौधों की जड़ों में मिट्टी एवं बीज लगा होना चाहिए। नर्सरी हेतु क्यारी 10 मीटर लंबी एवं 1 मीटर चौड़ी तथा 15 सेंटीमीटर ऊंची होनी चाहिए। एक हेक्टेयर के लिए 100 वर्ग मीटर की आवश्यकता होती है। खरपतवार निंदा नियंत्रण के लिए कोनो वीडर कृषि यंत्र का उपयोग कर सकते हैं। इस विधि में उत्पादन डेढ़ गुना अधिक प्राप्त होता है। पशुपालन के अंतर्गत गाय भैंस एवं बकरियों की उन्नत नस्ल संतुलित पशु आहार रोग नियंत्रण के लिए टीकाकरण तथा अधिक दुग्ध उत्पादन की तकनीकी जानकारी दी गई। संस्था के कर्मचारी अरुण कुमार रजक ने प्रशिक्षण संपन्न कराने में सहयोग किया।

खबर संक्षेप

## पशुपालन डेयरी मंत्री श्री लखन पटेल कल पन्ना में



**पन्ना।** भाजपा जिला में मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एकात्म मानववाद की प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन दर्शन एवं स्वदेशी विषय पर संगोष्ठी तथा आत्म निर्भर भारत कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री लखन पटेल उपस्थित रहेंगे। कल भाजपा कार्यालय में दिन गुरुवार 25 सितंबर 2025 दोपहर 3रू00 बजे संगोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष श्री बृजेंद्र मिश्रा ने जिले के सभी प्रबुद्ध जन एवं सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। इस प्रकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती पर पूरे जिले में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित की जाएंगे तथा बूथ स्तर पर पन्ना जिले के समस्त बूथों में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### हीरा खनन परियोजना की बाउंड्रीवाल में मिला शव

# पन्ना में बिजली लाइन की चपेट में आने से नर तेंदुआ की मौत

## मृत वयस्क नर तेंदुए की उम्र लगभग 5-6 वर्ष होगी



**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में पन्ना टाइगर रिजर्व स्थित गगऊ अभ्यारण परिक्षेत्र में आज एनएमडीसी हीरा खनन परियोजना मझगवां की बाउंड्री के ऊपर तेंदुए का शव मिला है। बताया गया है कि पत्थर की बाउंड्री के ऊपर से 11 हजार केवी की बिजली की लाइन निकली हुई है, जो लटककर झूल रही थी। तेंदुआ जब बाउंड्री के ऊपर से निकला उसी समय वह विद्युत लाइन की चपेट में आ गया, फलस्वरूप उसकी मौत हो गई। आज सुबह जब बाउंड्री के ऊपर तेंदुए की पूंछ लटकती हुई दिखाई दी तो इसकी सूचना पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व नरेश सिंह यादव ने बताया कि मृत नर तेंदुआ वयस्क है, जिसकी उम्र लगभग 5-6 वर्ष होगी। एनएमडीसी मझगवां स्थित हीरा खनन परियोजना की बाउंड्री वॉल को पत्थर से बनाया गया है, जिसके ऊपर लोहे के जाली की फेंसिंग कराई गई है। इसके पास से ही बिजली के वायर की लाईन निकली हैं, वहीं पर तेंदुए का शव बरामद हुआ है। प्रारंभिक जाँच में यह पाया गया कि बाउंड्रीवाल के ऊपर से गुजरने वाली बिजली की लाइन काफी नीचे थी। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि तेंदुआ जब बाउंड्रीवाल को पार कर रहा था, उसी समय विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। मामले की जाँच की जा रही है, यदि किसी की लापरवाही सामने आती है तो उचित कार्यवाही की जाएगी। तेंदुए के मौत की जानकारी आज बुधवार की सुबह करीब 8 बजे पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को मिली। जिसके बाद क्षेत्र संचालक सहित पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा बिजली बंद कराई गई तदुपरांत तेंदुए के शव को बाउंड्री वॉल के नीचे उतरवाया गया। क्षेत्र संचालक ने बताया कि तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया जायेगा, पोस्टमार्टम कराया गया है। गौरतलब बात यह है कि पन्ना टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक से सीधी बात की गई तो जिन्होंने स्पष्टतौर पर कहा कि दीवार के ऊपर से जो विद्युत लाईन निकली हुई है उसकी उंचाई कम होने के कारण तेंदुए की मौत होना माना जा रहा है विद्युत लाईन की करंट के चपेट में आने से यह घटना घटित हुई है। इससे साफ जाहिर होता है कि यहां लापरवाही विद्युत विभाग की जो लाईन निकाली गई है जिसे हटाने को लेकर सूत्रों की मानें तो पत्राचार एनएमडीसी व पन्ना टाईगर रिजर्व कार्यालय से किये गये पर समय रहते विद्युत लाईन जो नहीं हटाई गई आज यह हादसा तेंदुए की मौत होने से एक बार फिर कहीं न कहीं अब सुर्खियां बन गया है आखिर किसकी लापरवाही कौन सा विभाग इस मामले में जिम्मेदार होगा। प्रथम दृष्टया विद्युत विभाग को लेकर चर्चा सरगर्म है वहीं तेंदुए की मौत के बाद यह भी देखना होगा कि एनएमडीसी ने कब पत्र लिखे वहीं टाइगर रिजर्व कार्यालय से भी कब पत्र लिखे गये विद्युत विभाग को वहीं विद्युत विभाग ने मामले के निराकरण को लेकर अगर समय रहते प्रयास किये होते तो आज तेंदुए की मौत विद्युत करंट लगने से नहीं होती। देखना यह है कि आगे होता है क्या किसे माना जायेगा जिम्मेदार तेंदुए की मौत को लेकर। इतना ही नहीं विद्युत विभाग ग्रामीण वाईसी पन्ना से बात की गई तो आपने बताया कि एनएमडीसी हीरा खनन परियोजना के द्वारा जो लाईन हटाने के लिये पत्र लिखा गया था उस समय स्टीमेट लाईन हटाने को लेकर हमने अनुमानित 3.5 लाख की राषि जमा करने के लिये लेख किया था परन्तु एनएमडीसी हीरा खनन परियोजना के द्वारा न ही राषि जमा की गई और न ही सहमत हुये अतः लाईन नहीं हटाई गई इस तरह से साफ जाहिर होता है कि विद्युत लाईन हटाने को लेकर एनएमडीसी परियोजना ने आखिरकार जो राषि जमा करनी थी वह क्यों नहीं की जिसकी वजह से आज तेंदुए की जान असमायिक मौत विद्युत करंट लगने से हुई है। देखना यह है कि एनएमडीसी हीरा खनन परियोजना के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले पर आगे क्या जिम्मेदारी स्वीकार करेंगे तेंदुए की मौत को लेकर जिस तरह से मामला लापरवाही को लकर चर्चा में है किस पर होगी कार्यवाही यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा। इस संबंध में एनएमडीसी प्रबंधन से भी कहीं न कहीं यह बताया जा रहा है कि विद्युत लाईन ग्रामीण क्षेत्र को जाती है हमारे माईंस की बाउड्री टच करती है इसलिये हमने वह राषि जमा नहीं की जो विद्युत विभाग के द्वारा जमा करने के लिये कहा गया था क्योंकि यह लाईन तो विद्युत विभाग को स्वयं से हटानी चाहिये थी मामला चाहे जो हो पर यह तो साफ जाहिर हो रहा है कि विद्युत लाईन अगर हट गई होती तो आज तेंदुए की मौत नहीं हुई होती अब देखना यह है कि तेंदुए की मौत को लेकर क्या विद्युत विभाग या एनएमडीसी हीरा खनन परियोजना किसकी जिम्मेदारी तय होगी यह तो आगे ही समय तय करेगा।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सुंगरहा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**गुनौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुनौर के अंतर्गत आने वाले उप स्वस्थ केंद्र सुंगरहा में स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सीएचओ विकास दुवेदी ने महिलाओं को स्वास्थ्य जांच कराने और जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उप स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर सरपंच खिल्ली बाई रजक ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य समय-समय पर अपनी बीमारियों की जांच कराते रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओ को स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने का आवाहाँ किया। उप स्वास्थ्य केंद्र के आंगनवाड़ी केंद्र पर स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए 64 मरीजो ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई।जिसमे शिविर में बुखार, हड्डी, त्वचा रोग, नाक कान गला, आदि वीमारी से सम्बंधित मरीज आये।इस द्वारान उप स्वस्थ केंद्र सीएचओ विकास दुवेदी, एएनएम पूनम चक्रवती,आशा सुपरवाइजर मीना पटेल, एवं अरुण पटेल, दीपा रजक, रानी तिवारी, नथ्थी पटेल, बजेश राजा, सीता गर्ग सहित उप स्वस्थ केंद्र की सभी आशा उपस्थित रही।

# प्रिंस काली दाई समिति महेबा में विराजीं सिर हाथ में लिए माँ छिन्नमष्तिका

## वासना और अत्यधिक इच्छाओं के त्याग के प्रतीक मां छिन्नमस्ता- कुलदीप सिंह



**गुनौर।** यह देवी छिन्नमस्ता का एक रूप है, जो अपनी गर्दन के चारों ओर अपने ही कटे हुए सिर को धारण करती हैं. यह उन्हें वासना और अत्यधिक इच्छाओं के त्याग के प्रतीक के रूप में दर्शाती है। खजाँची चौक महेवा ग्राम में प्रत्येक बर्ष की भाति इस वर्ष भी काली देवी की भव्य एवं अप्रतिम प्रतिमा की इस्थापना प्रिन्स समिति के द्वारा कराई गई जिसमे मुख्य यजमान कुंवर कुलदीप सिंह जू देव (डिघोरा) व अरविन्द पचौरी ( महेबा ) रहे समिति के अध्यक्ष रिंजेश रोहित खरे द्वारा बताया गया की इस स्थान पर 1999 से लगातार प्रतिमा की स्थापना होती आ रहीं है इसी क्रम में इस वर्ष माँ के उग्र स्वरुप माँ छिन्नमस्ता के दर्शनों का सौभाग्य नगर की जनता को प्राप्त होगा। काली पंडा राजदीप परासर द्वारा बताया गया की माँ को चिंतपूर्णी तथा रजरप्पा के नाम से भी जगत में पूजा जाता है जो भक्तो की चिंता का पूर्ण रूप से समन कर तीव्र सिद्दिदाई हैं माँ की पूजन अर्चन पाठ आदि की जिम्मेदारी प्रधान पंडित श्रीमान चौवे जी टाई निवासी सम्हाल रहे हैं स वहीं समिति संरक्षक आदित्य खरे द्वारा बताया गया की प्रतिमा स्थपना से सम्बंधित शासन के सभी दिशा निर्देशों का पालन करते हुये अनुमति बगैरह ले ली गई है प्रतिमा बिसर्जन एकादशी को बिहरासर में होगा।

## महेन्द्र जैन असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट्स के प्रदेश सचिव नियुक्त



**पन्ना।** असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट्स के प्रांतीय अध्यक्ष राधा बल्लभ शारदा के द्वारा दमोह जिले के वरिष्ठ पत्रकार और संगठन कर्ता महेन्द्र जैन को प्रांतीय सचिव नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष हरीश राय का कहना है कि संगठन की ताकत और पत्रकारों के हितों के लिए कार्य करने वाले महेन्द्र जैन को असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट्स में उनकी संगठनात्मक क्षमता के अनुसार प्रदेश सचिव पद पर नियुक्ति दी है, वो तन मन धन और समय देकर संगठन से अधिक से अधिक प्रदेश के पत्रकारों को जोड़ने का काम करेंगे जिसे जवाबदारी से निभाने में माहिर हैं। श्री जैन को प्रांतीय सचिव बनाए जाने पर जिला यूनियन के महेंद्र परिहार, दीपक जॉनसन,हरेंद्र पटेल हिनौता, रुपेश अग्रवाल, कन्हैया विश्वकर्मा पथरिया, सुरेश नामदेव पथरिया, संजय मंडल बनगांव ,शुभम विश्वकर्मा अमर सेन यूसुफ पठान मडियादो, विकास सोनी हटा, संजय पांडे बांदकपुर, रामसागर तिवारी कुमाहारी, रामकिशन भंडारी पथरिया, राजेंद्र तिवारी दमोह, सौरव विश्वकर्मा हटा, मुलायम राय, पवन राय, मुकेश प्यासी, पवन प्यासी, जगत यादव कुम्हारी, दीपक श्रीवास्तव, भूपेंद्र राजपूत आदि ने शुभकामनाएं दी है।

# अद्भुत है मां कंकाली का मंदिर, सैया पर विराजमान है मां कंकाली

## मां के पैरों से कांटे निकाल रही है दासी







**पवई।** देशभर में मां जगत जननी के अनेक मंदिर विख्यात है,जहां देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसा ही एक मंदिर बुंदेलखंड के पन्ना जिले की पवई विधानसभा अंतर्गत ग्राम बनौली कुआं ताल में मां कंकाली का है। जहां दूर-दूर से लोग माता के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। शारदेय नवरात्रि हो या चौत्र नवरात्रि 9 दिनों तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से ही माता के दर्शन करने और धर्म लाभ लेने के लिए पहुंचती है। यहां माता कंकाली की अपने आप में एक विलक्षण प्रतिमा है। माता कंकाली जिनको महाकाली का रूप माना जाता है। माता सैया पर लेटी हुई बालक को स्तन पान कराती प्रतिमा है और दासी माता के पैरों से कांटे निकाल रही हैं। ज्यादातर मंदिरों में माता की बैठे हुए या फिर शेर पर सवार प्रतिमा है। यह स्थान पन्ना जिले से लगभग 90 किलोमीटर दूर पवई जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम बनौली में मां कंकाली कुआं ताल के नाम से विख्यात है। यहां साल भर दूर दराज से लोग माता के दर्शन को पहुंचते हैं। यहां माता की लेटी हुई प्रतिमा चांदी के वस्त्रों से सुसज्जित है। मंदिर के इतिहास को लेकर मंदिर के पुजारी ने बताया कि आज से लगभग सैकड़ो वर्ष पहले माता की मूर्ति का सपना बनौली गांव के राय बंधु को आया था,यह प्रतिमा यहां से लगभग 2 किलोमीटर दूर एक गांव के तालाब में मिली थी,वहां पर राय बंधु जाकर प्रतिमा को अपने भैंसे पर रखकर घर की ओर चल दिए,आज जहां मंदिर बना हुआ है यहीं पर भैंसा आकर रुक गया और फिर बहुत उठाने पर भी नहीं उठा,यहीं पर माता की मूर्ति स्थापित हो गई और यही माता के सुंदर व भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया। जानकारी के अनुसार माता के दरबार में जो भी व्यक्ति कुछ भी मांगने आता है माता उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। माता के चमत्कार की अनेक कहानियां विख्यात है। जानकार ने बताया कि एक बार एक भक्त माता के मंदिर के सामने स्थित तालाब जो लगभग 40 से 50 एकड़ जमीन में फैला हुआ है,वहां एक व्यक्ति डूब गया और लगभग 2 घंटे डूबे रहने के बाद भी माता के आशीर्वाद से जीवित पानी से निकला,इसके अलावा एक भक्त के द्वारा माता को अपनी जुबान काटकर चढ़ा दी गई थी,लेकिन माता के आशीर्वाद से वह व्यक्ति भी स्वस्थ हो गया ,ऐसी अनेक कहानियां विद्वान है।इसके अलावा कोरोना काल में जब पूरे देश में भयावह स्थिति थी उस दौरान पवई विधायक माता के आशीर्वाद से ही सुरक्षित रहे और वह अपने पहले कार्यकाल से ही लगातार माता की सेवा में दिन-रात लगे हुए हैं। वर्तमान में पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी के द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार कराते हुए मंदिर का निर्माण दक्षिण के मंदिरों की आकृति कलाकृति में कराया गया है और लगातार इस स्थान को भव्यता देने का प्रयास किया जा रहा है। यहां पवई विधायक के प्रयास से हजारों लोगों के रुकने के लिए समुदायिक भवन इत्यादि की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही आयोजनों के लिए भी अनेक प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यहां चौत्र नवरात्रि पर विशाल मेला लगता है जो संपूर्ण बुंदेलखंड में विख्यात है,लगभग एक माह तक चलने वाले इस मेले में आसपास के जिले ही नहीं बल्कि दूसरे जिलों व अन्य प्रदेशों के व्यापारी व श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां पवई विधायक के प्रयास से कई सामूहिक विवाह सम्मेलनों का भी आयोजन किया जा चुका है। यहां पर लगने वाले मेले का इतिहास भी लगभग सैकड़ो वर्ष पुराना है।

# स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार शिविर, देवेंद्रनगर में 400 महिलाओं की स्क्रीनिंग, ।छब् जांच व परामर्श





## मुख्य अतिथि विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने की सराहना सीता बहिन जी को विशेष अभिनंदन

**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित "स्वस्थ नारीदृसशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत 24 सितम्बर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) देवेंद्रनगर में भव्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक डॉ. राजेश वर्मा रहे।

### विधायक का संदेश

विधायक डॉ. वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खंड चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि वे सेवाभाव से कार्य करते रहें ताकि देवेंद्रनगर अस्पताल देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बना सके।

### विधायक का विशेष योगदान

मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि विधायक महोदय के प्रयासों से एक्स-रे मशीन संचालन हेतु ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की गई, 50 लाख की लागत से पब्लिक हेल्थ यूनिट बिल्डिंग का निर्माण कराया गया तथा देवेंद्रनगर अस्पताल को सिविल अस्पताल में उन्नयन हेतु माननीय मुख्यमंत्री से घोषणा करवाई गई।

### अभियान की जानकारी

यह अभियान शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक पूरे ब्लॉक में संचालित किया जा रहा है जिसमें चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। डॉ. जैन ने कहा नारी परिवार की रीढ़ होती है, जब घर की नारी स्वस्थ होगी तभी परिवार में समृद्धि और समाज में समरसता आएगी।

### शिविर की मुख्य गतिविधियां

शिविर में गर्भवती महिलाओं की ।छब् जांच एवं छब्ब् कार्ड वितरण, किशोरियों की काउंसलिंग एवं भ्ठ टेस्ट, बच्चों के लिए भ्ठ जांच, आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा, योग दंपतियों के लिए कैंसर स्क्रीनिंग तथा महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व परामर्श की व्यवस्था की गई।

### ब्रह्माकुमारी संस्था का योगदान

22 अगस्त 2025 को सीएचसी देवेंद्रनगर में ब्रह्माकुमारी प्रजापिता संस्था द्वारा बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 18 यूनिट रक्तदान हुआ। इस योगदान के लिए संस्था एवं दीदी को डॉ. अभिषेक जैन और विधायक डॉ. राजेश वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### शिविर की उपलब्धियां

शिविर में कुल 400 महिलाओं की स्क्रीनिंग, 90 महिलाओं की ।छब् जांच, वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न रोगों की जांच तथा दवाइयों और खून की जांच की गई।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति

विशेषज्ञ चिकित्सकों में नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉ. डी.पी., बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप गुप्ता, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. माझी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अपराजिता त्रिपाठी, दंत चिकित्सक डॉ. शुभम तिवारी, टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र यादव तथा नेत्र विशेषज्ञ डॉ. आर.बी. ठाकुर शामिल रहे।

### विशिष्ट अतिथि व मीडिया सहभागिता

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी गुप्ता, ब्रह्माकुमारी दीदी, मंडल अध्यक्ष अरविंद राजपूत, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हरदेव सिंह, निक्की जायसवाल, रामेश्वर गुप्ता एवं समस्त पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

### सीता बहिन जी का अभिनंदन

इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय से पधारी परम आदरणीय सीता बहिन जी का स्वागत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रमुख डॉ. अभिषेक जैन द्वारा किया गया एवं मुख्य अतिथि विधायक डॉ. राजेश वर्मा के हाथों से अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि सीता बहिन जी ने गत माह पूरे जिले से 90 यूनिट रक्त ब्लड बैंक में एकत्रित करवाया था। उनके सामाजिक सरोकार और माताओं-बहनों के उत्थान के लिए किए गए कार्य आज के कार्यक्रम में विशेष महत्व रखते हैं। कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर श्रीमती पूजा विश्वकर्मा द्वारा एवं आभार प्रदर्शन संगीता यादव द्वारा किया गया।

# अमानगंज नगर में हो रही खाद की कालाबाजारी

## मनमाने दामों पर भेजी जा रही यूरिया एवं डीएपी खाद कार्यवाही करने की बजाय तहसीलदार ने मामले से झाड़ा पल्ला



**पन्ना।** जिले में खाद की किल्लत से किसान परेशान है तो अमानगंज में खाद की कालाबाजारी जोरों पर देखी जा रही है, नगर अमानगंज में मनमाने दामों पर यूरिया एवं डीएपी खाद का विक्रय किया जा रहा है। दुकानदार किसानों को ठगने का काम कर रहे हैं और जिम्मेदार प्रशासन मूक दर्शक बनकर अपनी नाकामी को दिखा रहा है। अमानगंज नगर में कई जगह पर अवैध दुकानें संचालित है, जहां से यूरिया एवं डीएपी खाद का विक्रय किया जा रहा है, तो कई बड़े-बड़े दुकानदार यूरिया खाद को महंगे दामों पर विक्रय कर रहे हैं जिसमें यूरिया खाद 500 रुपए की बोरी तो डीएपी खाद 18:46 को 1350 की बजाय 1900 रुपए में विक्रय की जा रही है जिससे किसानों के जेब पर डंका डाल रहा है और किसान परेशान है। वही इस पूरे विषय को लेकर जब अमानगंज तहसीलदार ममता मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि संबंधित विभाग इस मामले पर कार्यवाही करेगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है तहसीलदार ममता मिश्रा का कहना है यदि साक्ष्य नहीं होंगे तो कार्यवाही नहीं की जाएगी। किसानों ने संबंधित प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाया है किसानों का कहना है कि हर वर्ष सीजन पर राजस्व प्रशासन द्वारा दुकानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की गई थी। जिससे किसानों को राहत मिलती थी मगर तहसीलदार ममता मिश्रा के प्रभार में आने के बाद अब तक खाद बीज की दुकानों का किसी भी प्रकार का निरीक्षण नहीं देखने को मिला है। जिससे दुकानदारों के हौसले बुलंद है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष आज छतरपुर में संगोष्ठी को करेंगे संबोधित

छतरपुर 24 सितम्बर भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज 25 सितंबर को दोपहर 1 बजे ऑडिटोरियम हॉल किशोर सागर रोड छतरपुर में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद बी डी शर्मा जी मुख्य वक्ता के रूप में संगोष्ठी को संबोधित करेंगे कार्यक्रम में माननीय सांसद विधायक गण सहित अन्य वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम ने जनप्रतिनिधियों पार्टी पदाधिकारियों वरिष्ठ नेताओं मोर्चा अध्यक्षों प्रकोष्ठों के संयोजकों एवं कार्यकर्ताओं से अपने निवासरत बूथ स्तर पर सुबह 11 बजे जयंती मनाते हुए दोपहर 1 बजे एडिटोरियम हाल छतरपुर पहुंचने का आग्रह किया है। यह जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द बुंदेला ने प्रेस को दी है।

### मतदान केन्द्रों पर ऐसे बीएलए नियुक्त करें जो सक्रिय रूप से भागीदारी करें: एडीएम

**निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण के लिए राजनैतिक दलों के साथ बैठक संपन्न**



छतरपुर। बुधवार को अपर कलेक्टर एवं सहायक उप जिला निवार्चन अधिकारी मिलिंद नागदेवे की अध्यक्षता में बुधवार को निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक संपन्न हुई। इस दौरान सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश में अंतिम विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 में किया गया था। अपर कलेक्टर श्री नागदेवे ने बताया कि एसआईआर का उद्देश्य है कि काई भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं छूटे और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में न हो। इसके लिए वर्तमान मतदाता सूची (अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025) के मतदाताओं का मिलान 2003 की मतदाता सूची से कर प्रत्येक विधानसभा में टेबल टॉप एक्सरसाइज की जाएगी। साथ ही राजनैतिक दल प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) को नियुक्त करें जो मतदान केन्द्रों पर सक्रिय भागीदारी करें और नियुक्त बीएलए की सूची उसी विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दें। ताकि उन्हें आने वाली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में शामिल किया जा सके।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज

छतरपुर। केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार, सांसद (लोकसभा) डॉ. वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 25 सितम्बर 2025 गुरूवार को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग संबंधित विभागों की समीक्षा की जाएगी।

### 30 सितंबर को जिला यूनियन की 23वीं आम सभा की बैठक

छतरपुर। प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित छतरपुर ने समस्त प्रतिनिधियों को सूचित किया है कि जिला यूनियन छतरपुर की 23वी. वार्षिक साधारण सभा (आमसभा) की बैठक मंगलवार 30 सितंबर 2025 को दोपहर 1 बजे स्थान न्यू फॉरेस्ट कालौनी हमा, छतरपुर में वन संरक्षक छतरपुर वृत्त छतरपुर (प्रशासक) की अध्यक्षता में आयोजित होगी। इसमें प्राथमिक वनोपज समितियों के जिला यूनियन के निर्वाचित प्रतिनिधि आमंत्रित हैं। उक्त साधारण सभा के आयोजन के लिए निर्धारित समय पर गणपूर्ति के अभाव में आहुत आमसभा आधे घंटे के लिए स्थगित करने के पश्चात अपरान्ह 1:30 बजे पुनः उसी स्थान पर स्थगित बैठक के रूप में सम्पन्न होगी। इस हेतु गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

# संगम सेवालय ने पड़रिया में लगाया स्वास्थ्य शिविर

## शिविर में 192 लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ



**छतरपुर।** संगम सेवालाय ने पड़रिया में शासकीय आयुर्वेद औषधालय पड़रिया में दसवां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदिदेव भगवान धनवंतरी का पूजन एवं वंदना से हुआ तत्पश्चात निःशुल्क परामर्श एवं औषधि वितरण, योग, स्वास्थ्य शिक्षा, स्वास्थ्य प्रतियोगिता, पौधों का वितरण आदि कराया गया। सीसीआरएएस की टीम ने औचक निरीक्षण किया। सीसीआरएएस और पंचायत एवं ग्रामीण विभाग स्वास्थ्य शिविर में सहभागी रहे। स्वास्थ्य शिविर में 192 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ अर्जित किया।कार्यक्रम के दौरान यूनिचार्म के तत्वाधान में संगम सेवालय द्वारा महिलाओं की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। इस पहल की स्थानीय महिलाओं एवं नागरिकों ने सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायी कदम बताया। औषधालय प्रभारी डॉ नितिन पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार ही नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का सर्वोत्तम मार्ग है, जिससे रोगों की रोकथाम और दीर्घकालिक स्वास्थ्य संरक्षण संभव है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे डॉ इरफ़ान खान, डॉ भवप्रीता दधीच, औषधालय से डॉ नितिन पांडेय, डॉ अंगूरी चौधरी, भारती शर्मा, रेखा वाल्मीक, बिंदु शर्मा, अखिलेश, रमेश, पंचायत ग्रामीण विभाग से श्रीमति टीका देवी पटेल सरपंच, संतोष तिवारी सचिव, नरेंद्र तिवारी रोजगार सहायक, स्वास्थ्य विभाग से पार्वती राजपूत सीएचओ समस्त आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जुआ-सट्टा से दूर रहें - सिद्धिविनायक नव दुर्गा उत्सव समिति का संदेश



**छतरपुर।** हर वर्ष की भांति इस बार भी सिद्धिविनायक नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा बस स्टैंड छतरपुर पर भव्य माता का दरबार सजाया गया है। समिति हमेशा धार्मिक आयोजन के साथ-साथ सामाजिक संदेश भी प्रस्तुत करती है। इस वर्ष समिति ने युवाओं से जुआ-सट्टा जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने की अपील की है। झांकी में तीन लोग ताश के पत्तों पर दांव लगाते दिखाए गए हैं, वहीं पास में खड़ा एक पुलिसकर्मी उन्हें रोकते हुए नजर आता है। दूसरी ओर मां दुर्गा अपने सिंहासन पर विराजमान हैं और उनके समीप भगवान गणेश जी भी विराजित हैं। इस झांकी के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि युवा वर्ग जुआ-सट्टा जैसी कुरीतियों में न फंसे, क्योंकि यह उन्हें आर्थिक, मानसिक और सामाजिक परेशानियों में उलझा देता है।

समिति के अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी ने बताया कि आयोजन के दौरान 26 सितंबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न प्रदेशों से कवि अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। 27 सितंबर को संत सम्मान समारोह एवं प्रताप नव युवक संघ की कन्याओं द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। लगातार 9 दिनों तक माता का दरबार सजा रहेगा और प्रतिदिन विविध धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से माता के दर्शन करने एवं कार्यक्रमों में भाग लेने का आग्रह किया है।

# पेप्टेक टाउन में नवरात्र महोत्सव भजनों की गूँज से भक्त हुए भावविभोर




**छतरपुर।** नौगांव रोड स्थित पेप्टेक टाउन कॉलोनी में नवरात्र महोत्सव का आयोजन धूमधाम से चल रहा है। कॉलोनी के राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में मां आदिशक्ति की प्रतिमा की स्थापना की गई है, जहां प्रतिदिन सुबह और शाम 8 बजे आरती एवं महाप्रसाद का आयोजन हो रहा है। सांध्यकालीन सांस्कृतिक आयोजनों में भक्त देर रात तक भजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद उठा रहे हैं। मंगलवार को क्षेत्र के प्रसिद्ध गायक मधुर परशुराम अवस्थी एवं उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मां आदिशक्ति, भोलेनाथ और राधाकृष्ण के भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बुधवार को मंच पर बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी, वहीं गुरुवार को प्रसिद्ध गायक खनिज देव सिंह चौहान के भजनों की प्रस्तुति होगी। आयोजन समिति ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भक्ति एवं संस्कृति का आनंद लेने की अपील की है।

## जन शिक्षण संस्थान छतरपुर द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**छतरपुर।** जन शिक्षण संस्थान छतरपुर द्वारा आयोजित सेवा पर स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर सेवा पर्व के अंतर्गत संस्थान के कार्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संस्थान की कार्यक्रम अधिकारी नेहा सिंह बुंदेला द्वारा अपने उद्बोधन में स्वास्थ्य एवं हाइजीन के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉक्टर डॉ स्वस्ति जैन द्वारा संस्थान के कर्मचारी प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओ के स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुए सभी को खान-पान, साफ सफाई आदि के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर काजल साहू सहा. कार्यक्रम अधिकारी रिंकी शर्मा, प्रतिपाल सिंह, रोहित राय, मुन्ना रैकवार वंदना मातेले, रागिनी यादव, आशिया परवीन सहित काफी संख्या में प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।



## माझी समाज ने ज्ञापन सौंपा, अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग

**छतरपुर।** विंध्य क्षेत्र माझी महासंघ मप्र के जिलाध्यक्ष गयाप्रसाद केवट ने बताया कि माझी समाज को संवैधानिक अधिकार स्वरूप आरक्षण प्राप्त होना चाहिए, लेकिन विसंगतियों के कारण समाज को आज तक इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि 1950 से लगातार समाज अपनी मांग को लेकर संघर्षरत है और ज्ञापन दर ज्ञापन दिया जा रहा है, लेकिन अब तक किसी भी सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। बुधवार को माझी समाज के लोग कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। समाज ने मांग की है कि विंध्य क्षेत्र की माझी जनजाति को अनुसूचित जनजाति का संवैधानिक अधिकार प्रदान किया जाए।

# मैं हूँ अभिमन्युः हटवारा स्कूल में बच्चों को किया जागरूक




**छतरपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान मैं हूँ अभिमन्यु के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटवारा, छतरपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, नशे के दुष्परिणाम, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या और लिंग भेद जैसी सामाजिक कुरीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान महिला थाना प्रभारी प्रतिभा श्रीवास्तव, महिला अपराध प्रकोष्ठ प्रभारी तबस्सुम ख़ान सहित अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक बुराइयों से बचाने के साथ-साथ उन्हें जागरूक नागरिक बनाना है।

# आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित ने लगाई एसपी से गुहार




**छतरपुर।** ग्राम नदगॉय बटट्यन थाना सटई निवासी शिवराज कुशवाहा ने बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर एसपी कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि 14 सितंबर को आरोपी जाहर राजा उनके घर में घुस आया और उनकी पत्नी उर्मिला कुशवाहा से जबरन छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि अगले दिन 15 सितंबर को उन्होंने सटई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जहां आरोपी के खिलाफ मामला कायम हुआ। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पुलिस ने अब तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। आरोपी खुलेआम गांव में घूम रहा है और लगातार गाली-गलौज करते हुए प्रकरण में समझौता करने के लिए दबाव बना रहा है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और उसके दबाव में आकर जबरन राजीनामा कराया जा सकता है। उसने एसपी से आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर दण्डात्मक कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# मां ने दिया तीन बेटियों को जन्म, पति ने कर ली दूसरी शादी

## महिला ने एसपी कार्यालय पहुंचकर मांगा न्याय



**छतरपुर। जिले के नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौखड़ा की रहने वाली महिला ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपने पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि उसके पति ने केवल बेटे की चाह में दूसरी शादी कर ली, जबकि उसने पहले ही तीन पुत्रियों को जन्म दिया है।**

श्रीमती सोनू यादव पति हुकुम सिंह यादव, निवासी चौखड़ा ने आवेदन में बताया कि उसका विवाह दिनांक 25 जून 2019 को ग्राम खैरारी (जिला महोबा, उ.प्र.) निवासी हुकुम सिंह यादव से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ था। विवाह के उपरांत उसके तीन पुत्रियों का जन्म हुआ।महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति हुकुम सिंह, ससुर लाल सिंह, सास रामकली यादव, देवर योगेन्द्र, ननद आरती, नंदेऊ अजयवीर, एवं ननद ऊषा यादव पति दुर्गेश यादव लगातार दहेज की मांग करते रहे और उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। महिला का कहना है कि लगभग एक सप्ताह पूर्व उसके पति ने रोहनी नामक महिला से दूसरी शादी कर ली है। इस संबंध में उसने दिनांक 24 अगस्त 2025 को थाना नौगांव में आवेदन दिया था, लेकिन आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए कहा है कि आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उसे न्याय मिल सके।

**सेवा पखवाड़ा अंतर्गत जिला प्रशासन का अनोखा नवाचार**

# 5 हफ्ते चलेगा अभियान, लगभग 1 हजार टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा



**छतरपुर।** कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में मातृ शिशु मृत्यु दर को रोकने एवं बच्चों में कुपोषण की संभावना को कम करने, सेवा पखवाड़ा के तहत नवाचार किया गया। जिसके तहत एक दिन में 145 अधिकारियों द्वारा 176 आंगनबाड़ी केंद्रों में मंगलवार को आयोजित होने वाले ग्राम स्वच्छता पोषण दिवस सत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अधिकारियों द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं का शतप्रतिशत एएनसी जांच एवं टीकाकरण सुनिश्चित किया गया। साथ ही बच्चों को विटामिन सिरप पिलाने और उनके बेहतर पोषण और जरूरत पडऩे पर एनआरसी में उपचार सुनिश्चित कराया गया।

यह नवाचार 5 हफ्ते तक जारी रहेगा। जिसके तहत करीब 1 हजार टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया जाएगा। ताकि मातृ शिशु मृत्यु दर को रोका जा सके एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए बच्चों में पोषण सुनिश्चित किया जा सके। मातृ मृत्यु और कुपोषण की गंभीरता को समझते हुए कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा नवाचार करते हुए मंगल दिवस पर अधिकारियों से रोस्टर अनुसार आंगनबाडिय़ों में टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण कराया जा रहा है। जिससे गर्भवती, धात्री महिलाओं व शिशुओं की जांच स्वास्थ्य कर्मियों से बेहतर और व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित कराई जा सके।

**ब्लॉक स्तर पर दीदी कैफे के लिए जगह चिन्हित करें: कलेक्टर**

# ब्लॉक मैनेजर को नए ट्रेड चिन्हित कर मास्टर ट्रेनर तैयार करने के निर्देश

**छतरपुर।** मंगलवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में मंगलवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, जिला परियोजना प्रबंधक श्याम गौतम, विकासखण्डों के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री जैसवाल ने स्व सहायता समूहों ने नवीन सदस्यों को शामिल करने के लिए नौगांव, गौरीहर बीएम द्वारा अधिक हाउस होल्ड शेष होने पर कार्य में तत्परता दिखाते हुए पूर्व के समूहों में जोडने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ब्लॉकों में समूहों के अधिक खाते शेष होने पर बैंकों से सहयोग से कैंपों आदि के माध्यम से दिसंबर 2025 तक खाते खोले अन्यथा अनुबंध में वृद्धि नहीं होगी। इसके लिए बड़ामलहरा बीएम को विशेषरूप से निर्देशित किया। कलेक्टर ने माइग्रेटेड समूहों की ई केवाईसी में खराब प्रगति पर नौगांव एवं बड़ामलहरा बीएम से लिखित स्पष्टीकरण लेने के एडीएम को निर्देश दिए।

### लवकुशनगर, बक्सवाहा एवं गौरिहार के प्रबंधक को महिलाओं के प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने कौशल उन्नयन एवं रोजगार और आरसेटी में मोमबत्ती निर्माण, ब्यूटी पार्लर, राज मिस्त्री आदि के प्रशिक्षण कराए जाने की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में नए मॉड्यूल ढूंढे। जैसे कृषि, बागवानी, मत्स्य, पेपर कटिंग, बैग निर्माण, कुकिंग बैकरी, हाउस कीपिंग के स्व रोजगार एवं प्रशिक्षण कराने की बात कही। साथ ही नए ट्रेड चिन्हित कर मास्टर ट्रेनर भी तैयार करें। इसके लिए सभी विकासखंड प्रबंधक 20-20 लोगो को चिन्हित कर आरसेटी में प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए गए।

### समूहों के शत प्रतिशत खाते बैंकों में लिंक कराने के निर्देश

कलेक्टर ने स्व सहायता समूह के सीसीएल की समीक्षा की। इसमें समूहों के लक्ष्य के विरुद्ध कम खाते लिंकेज होने पर बिजावर, गौरिहार, बक्सवाहा बीएम को निर्देशित किया कि दिसंबर तक शतप्रतिशत खाते बैंक में लिंक हों। साथ ही लक्ष्य के विरुद्ध कम राशि के वितरण होने पर नाराजगी व्यक्त की और प्रस्तुत प्रकरण के विरुद्ध वितरण बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छतरपुर के एसपी ऑफिस के बाहर दीदी कैफे के लाभ की जानकारी ली और इस प्रकार और दीदी कैफे बनाने ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर को एक एक लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने अस्पतालों में भी दीदी कैफे खोलने के लिए जगह चिन्हित करने की बात कही।

### मुद्रा लोन की प्रगति की हुई समीक्षा

कलेक्टर ने मुद्रा लोन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गौरहार एवं छतरपुर प्रबंधक के लक्ष्य से कम केस प्रस्तुत किए 2 माह में सभी केस लगाएं। साथ ही पीएमएफएमई प्रकरण में नौगांव, गौरिहार प्रबंधक को एंट्री की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रोड्यूसर ग्रुप्स के गठन एवं बिजनेस प्लान की भी समीक्षा की और बड़ामलहरा बीएम को अगले माह तक बिजनेस प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विशेष परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्नत बकरी पालन में सभी ब्लॉकों में होने वाली आय की जानकारी ली एवं बायो रिसोर्स सेंटर किसानों द्वारा की जाने वाली फसलों की जानकारी ली। उन्होंने हैंडलूम प्लान के तहत टेराकोटा को बढ़ाने के लिए कहा। और कहा कि ब्लॉकों में नया काम ग्रुप के लिए चिन्हित करें। साथ ही संबंधित ब्लॉकों में सरसों तेल, जैविक खाद यूनिट बनाना, पर्यटन में महिला गाइड, दलिया, दाल आदि के यूनिट नवंबर तक हर ब्लॉक में इसके लिए लोग चिन्हित करें।

### समस्त बीएम को एक एक क्लस्टर तैयार कर प्रस्तुतिकरण के निर्देश

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में समस्त बीएम को एक-एक क्लस्टर बनाकर आगामी होने वाली बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया। जिसमें नौगांव बीएम को आर्गिनिक खेती, बिजावर बीएम को जैविक खाद, राजनगर बीएम को पिंक रिक्सा एवं टूरिज्म से संबंधित क्लस्टर, बडामलहरा बीएम को दुग्ध उत्पादन जिसमें दुग्ध कलेक्शन सेंटर, गौरिहार को अलसी, रिफायनरी, लवकुशनगर बीएम को दाल, चना अरहर की यूनिट हेतु क्लस्टर तैयार करना एवं बकस्वाहा बीएम को वनोपज से संबंधित प्रोजेक्टर तैयार कर माह नवम्बर में होने वाली समीक्षा बैठक में प्रस्तुतिकरण के लिए निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### नशीली कफ सिरप की तस्करी करते दो तस्कर गिरफ्तार, रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने जब्त की 34 शीशी

**रीवा।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने अवैध रूप से नशीली कफ सिरप की तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक एनएच 30 रोड ग्राम रोर ओवर ब्रिज के नीचे आरोपी विकाश उर्फ रिंशू शुक्ला पिता संतोष शुक्ला 22 वर्ष निवासी कोष्टा व अजय मिश्रा पिता सुरेश मिश्रा 29 वर्ष निवासी दुबहाई कला थाना मनगवां हाल-खुटेही थाना विश्वविद्यालय के कब्जे 34 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक काले रंग का बैग जब्त किया जिसकी तलाशी में 6 हजार रुपए से अधिक कीमत की 34 शीशी नशीली आनरेक्स कफ सिरप मिली है। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है।

### जिला सतर्कता एवं मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पीड़ित परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा पुलिस थानों में प्रदर्शित कराएं। पीड़ित के विरूद्ध प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस अधिकारियों के माध्यम से पीड़ितों को राहत योजना तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी दें। योजनाओं के पैम्लेट बनाकर ग्राम पंचायतों के माध्यम से इनका प्रचार-प्रसार कराएं। अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण से जुड़ी योजनाओं में आवश्यक बजट की तत्काल मांग करें, जिससे पात्र पीड़ितों को समय पर राहत राशि प्रदान की जा सके। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सिरमौर भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति और जनजाति के विकास से जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे गरीब परिवार इन योजनाओं का लाभ उठा सके। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की नियमित मॉनीटरिंग की जाती है। पीड़ितों को तत्परता से राहत राशि उनके बैंक खाते में दी जा रही है। बैठक में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह ने बताया कि वर्तमान तिमाही में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 55 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें से 22 प्रकरणों में राहत राशि देने की कार्यवाही की जा रही है। न्यायालय में वर्तमान में 1438 प्रकरण लंबित हैं। इस तिमाही में 5 प्रकरणों में दोषियों को सजा दिलाई गई तथा 13 प्रकरणों में आरोपी न्यायालय से बरी किए गए हैं। इस तिमाही में 61 नए प्रकरण न्यायालय में दर्ज हुए हैं। शासन स्तर से विचाराधीन प्रकरणों में पीड़ितों तथा गवाहों को दैनिक पारिश्रमिक एवं भोजन की राशि देने के लिए अब सीधे पुलिस विभाग को ही आवंटन दिया जाएगा। बैठक में मऊगंज जिले में विशेष न्यायालय की स्थापना तथा रीवा में एक अन्य न्यायालय को अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की सुनवाई के लिए अधिकृत करने का सुझाव दिया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजाक अनिल सोनकर, एसडीओपी उदित मिश्रा तथा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### फर्जी एनओसी लगाकर ठेकेदार को किया भुगतान

# पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन ईई और ठेकेदार पर ईओडब्ल्यू में एफआईआर दर्ज: 2.59 करोड़ की रॉयल्टी हेराफेरी

रीवा।

लोक निर्माण विभाग में फर्जी दस्तावेजों के सहारे करोड़ों रुपये की खनिज रॉयल्टी में हेराफेरी का मामला सामने आया है। जिसमे आर्थिक अपराध अन्वेषण संगठन (ईओडब्ल्यू) ने सतना के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी और दिल्ली की ठेकेदार कंपनी मे. एसआर कंस्ट्रक्शन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। फर्जी एनओसी के माध्यम से 2.59 करोड़ रुपये की राशि ठेकेदार को गलत तरीके से भुगतान की गई। मामला वर्ष 2017 का है, जब सीआरएफ योजना के तहत रीवा और सतना जिले की सीमा पर स्थित गांवों को जोड़ने के लिए 46.70 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया था। सड़क सेमरिया बनकुइयां मार्ग से गाजन, मझियार, बक्रिया, लौलाछ, मगरवार, भटिगवां, खाम्हा, किडवरिया इटौरा, मैनपुरा, अकौना, टिकरी, खमरिया, गौरैया मार्ग का निर्माण




कराने के लिए एसआर कंस्ट्रक्शन को कार्य दिया गया था। निर्माण कार्य तय समय पर पूरा न होने के कारण विभाग ने 2.59 करोड़ रुपये की राशि रोक ली थी। बाद में ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण करने का दावा कर भुगतान की मांग की गई। जांच में सामने आया कि सतना के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी ने ठेकेदार के साथ मिलीभगत कर खनिज विभाग रीवा का फर्जी एनओसी पत्र दस्तावेजों में संलग्न किया। इसके आधार पर रुकी हुई 2.59 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान कर दिया गया। जबकि जांच में स्पष्ट हुआ कि ऐसी कोई एनओसी रीवा खनिज विभाग द्वारा जारी ही नहीं की गई थी। रीवा कलेक्टर ने भी पत्र के माध्यम से इस बात की पुष्टि की। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 120बी (षड्यंत्र), 409 (सरकारी धन का दुरुपयोग), 467, 468, 471 (जालसाजी से जुड़े अपराध) के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7सी, 13(1) ए, एवं 13(2) भी शामिल की गई है।बॉक्स 3.30 करोड़ की रॉयल्टी मे हेराफेरी , जांच में 2.59 करोड़ की पुष्टिशिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि इस फर्जीवाड़े से विभाग को कुल 3.30 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया गया। हालांकि ईओडब्ल्यू की शुरुआती जांच में 2.59 करोड़ रुपये की हेराफेरी की पुष्टि हुई है। मामले की शिकायत रीवा के सामाजिक कार्यकर्ता बीके माला द्वारा की गई थी। इसके पहले संभागायुक्त ने भी सतना और रीवा के कलेक्टरों से रिपोर्ट तलब की थी, जिसमें अनियमितता की पुष्टि हुई थी।बाक्स खनिज रॉयल्टी जमा नहीं, फिर भी कर दिया भुगताननियमों के अनुसार, सड़क निर्माण में उपयोग की गई गिट्टी (2.06 लाख घनमीटर) और बालू (73 हजार घनमीटर) की रॉयल्टी राशि को ठेकेदार को विभाग के पास जमा करना होता है। लेकिन उक्त राशि जमा कराने के बजाय ठेकेदार ने फर्जी खनिज अनुमति पत्र प्रस्तुत कर दिया, जिससे विभाग ने बिना सत्यापन के भुगतान कर दिया।बॉक्स रीवा में भी हो चुकी पदस्थापना, अन्य मामलों की जांच भी जारीगौरतलब है कि मनोज द्विवेदी रीवा में भी कार्यपालन यंत्री के पद पर पदस्थ रह चुके हैं। उनके कार्यकाल से जुड़े अन्य कई मामलों की शिकायतें भी पहले की जा चुकी हैं, जिनकी जांच अभी भी लंबित है। ऐसे में इस मामले के अलावा भी उनके खिलाफ अन्य आरोपों की परतें खुलने की संभावना जताई जा रही है।

## रीवा का संजय गांधी अस्पताल बना प्रदेश का पहला पूर्णतः ई-ऑफिस चिकित्सालय

रीवा।

रीवा जिले ने एक बार फिर डिजिटल क्रांति की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। यहां स्थित संजय गांधी अस्पताल ने प्रदेश में पहला ऐसा सरकारी अस्पताल बनने का गौरव प्राप्त किया है, जहां ई-ऑफिस प्रणाली को पूर्ण रूप से लागू कर दिया गया है। यह पहल प्रदेश में सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को डिजिटल, पारदर्शी और कागज रहित (पेपरलेस) बनाने की दिशा में मील का पत्थर मानी जा रही है। ई-ऑफिस भारत सरकार की एक आधुनिक डिजिटल व्यवस्था है, जिसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य सरकारी कार्यों को अधिक गति, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ संपन्न करना है। अब संजय गांधी अस्पताल में फाइलें सोने की स्थिति में नहीं रहेंगी और उनका त्वरित निपटारा संभव हो सकेगा। अधिकारी कहीं से भी ऑनलाइन




काम कर सकेंगे, जिससे कार्यप्रणाली में देरी कम होगी और अनावश्यक चक्कर लगाने से आमजन को राहत मिलेगी। राज्य शासन के निर्देश पर ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रशासन ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिलवाया। प्रशिक्षण उपरांत इस डिजिटल प्रणाली को सफलतापूर्वक क्रियान्वित कर दिया गया। बॉक्स अस्पतालों में धीमी थी प्रक्रिया, रीवा ने बढ़ाई रफ्ताररीवा जिले के कई अन्य सरकारी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली पहले से ही लागू हो चुकी थी, लेकिन अस्पतालों में इस व्यवस्था को लागू करने की गति अपेक्षाकृत धीमी थी। अब संजय गांधी अस्पताल ने इस दिशा में सक्रिय पहल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है, जो अन्य अस्पतालों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकता है।बॉक्स आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में भी अग्रणी भूमिकासंजय गांधी अस्पताल न केवल ई-ऑफिस के क्षेत्र में बल्कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के क्रियान्वयन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां मरीजों को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी से जोड़ा जा रहा है। नए मरीजों की अस्पताल में पहुंचते ही आभा आईडी बनवाई जा रही है, जिसमें उनका पूरा चिकित्सकीय रिकॉर्ड संकलित रहेगा। इस डिजिटल व्यवस्था से भविष्य में मरीजों को यह सुविधा मिलेगी कि वे जान सकें उन्होंने अस्पताल में पहले कब इलाज कराया था, कौन-सी दवाएं दी गई थीं और कौन-से परीक्षण हुए थे। इससे दवाओं की पर्ची लेकर आने की जरूरत समाप्त हो जाएगी, क्योंकि चिकित्सक आभा आईडी के माध्यम से सारी जानकारी स्क्रीन पर देख सकेंगे।

## घर में सेंधमारी कर सोने का आभूषण और नकदी चोरी करने वाले दो बाल अपचारी गिरफ्तार

रीवा।



जिले के सेमरिया थाना पुलिस ने घर में सेंधमारी कर सोने के आभूषण चोरी करने के मामले में दो बाल अपचारियों को पकडक़र उनके कब्जे से चोरी गया सोने चांदी का आभूषण बरामद कर लिया है। घटना 5 सितंबर को सामने आई थी। पीड़ित ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि बीती रात्रि घर में सेधमारी कर अज्ञात चोरों ने सोने का टप्स सहित 90 हजार रुपए से अधिक की नकदी पार कर दी है। पुलिस ने गृहभेदन की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर घटना की विवेचना शुरू की। सेमरिया थाना प्रभारी विकास कपीस ने बताया कि मुखबिर सूचना के आधार पर दो अपचारी बालकों के द्वारा चोरी करने की शंका जाहिर की गई जिसके बाद संदेही अपचारी बालको की पता तलाश की, जिनसे पुलिस ने पूछतांछ की तो उन्होने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने पकड़े गए एक बाल अपचारी के घर कसे 27,900 रुपये तथा दूसरे अपचारी बालक के घर से कुल 37,900 रुपये जब्त किया। कुल 65,800 रुपय जब्त किए गए। पकड़े गए बालकों ने बताया कि अन्य राशि उनके द्वारा खर्च कर दी गई है। पुलिस ने पकड़े गए बाल अपचारियों को बाल न्यायालय में पेश किया है।

## सेवा पखवाड़े में स्कूलों में लगाए जा रहे स्वास्थ्य जाँच शिविर



**रीवा।** सेवा पखवाड़े में स्वास्थ्य विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा मिलकर 11 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक छात्रा की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की जा रही है। इसके लिए स्कूलों में लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने बताया कि 24 सितम्बर को हायर सेकण्डरी स्कूल जोरौट तथा शासकीय कन्या हाई स्कूल गुढ़ में शिविर का आयोजन किया गया। इनमें राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा छात्राओं में हीमोग्लोबिन, ब्लडप्रेशर, पोषण स्तर तथा डायबिटीज की जाँच की गई। एनिमिक छात्राओं को विटामिन ए की गोलियाँ प्रदान की गईं। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने छात्राओं को स्वच्छता तथा संतुलित भोजन के संबंध में भी जानकारी दी।

## हर गर्भवती महिला का पंजीयन करके एएनसी चेकअप करें - कलेक्टर

### गंभीर एनिमिक गर्भवती महिलाओं को खून चढ़ाने की जिला अस्पताल में प्रतिदिन व्यवस्था करने के निर्देश

**रीवा** । कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सेवा पखवाड़े में जिले भर में दो अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला चिकित्सालय से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच के शिविर लगाएं। इन शिविरों में दो अक्टूबर तक प्रत्येक गर्भवती महिला का अनिवार्य रूप से पंजीयन कर उनका एएनसी चेकअप कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केन्द्रों में शिविर लगाकर गर्भवती महिला के हीमोग्लोबिन, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर तथा पोषण स्तर की जाँच कराएं। प्रत्येक पंजीकृत महिला की जानकारी अनमोल पोर्टल और यूविन पोर्टल पर तत्काल अपलोड करें। कलेक्टर ने कहा कि सेवा पखवाड़े में बड़ी संख्या में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इनसे पर्याप्त मात्रा में रक्त प्राप्त हुआ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन जिला अस्पताल में शिविर लगाकर गंभीर एनिमिक गर्भवती महिलाओं को खून चढ़ाएं। सभी बीएमओ एनिमिक गर्भवती महिलाओं को जिला चिकित्सालय तक ले जाने की व्यवस्था



करें। किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जाँच के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में 15 टीमें तैनात करें। प्रत्येक हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी स्कूल में जाकर 11 से 18 वर्ष तक की छात्राओं के स्वास्थ्य की जाँच करें। जिला शिक्षा अधिकारी इसमें स्वास्थ्य विभाग को पूरा सहयोग दें। सभी स्कूलों में 2 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत किशोरियों की स्वास्थ्य जाँच सुनिश्चित करें। जाँच के दौरान एनिमिक पाए जाने वाली किशोरियों के समुचित उपचार की भी व्यवस्था करें। कलेक्टर ने सेवा पखवाड़े के दौरान ही प्रत्येक क्षय रोगी को उपचार तथा निःशुल्क फूड बास्केट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान सम्पूर्ण टीकाकरण से छूटे शिशुओं का टीकाकरण भी कराएं। इसके लिए आंगनवाड़ी केन्द्र स्तर तक शिविर लगाकर टीकाकरण सुनिश्चित करें।कलेक्टर ने कहा कि 26 और 27 सितम्बर को विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में शामिल होने के लिए सांसद, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से अनुरोध करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी संजीवनी क्लीनिकों में डॉक्टरों की उपस्थिति और नियमित संचालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अभियान के संबंध में लापरवाही बरतने पर बीएमओ सिरमौर को कड़ी फटकार लगाई। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला स्तरीय प्रभारी तथा बीएमओ सिरमौर के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए जा रहे शिविरों में पूरा सहयोग करें। जिले में सभी ग्राम पंचायतों में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदि सेवा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। अभियान से जुड़ी जानकारी सभी अधिकारी पोर्टल पर दर्ज करा दें। दो अक्टूबर तक दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण देने के लिए जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें पात्र दिव्यांगों का चिन्हांकन करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम सेवा पखवाड़े की गतिविधियों तथा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की मानीटरिंग करें। इनमें लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करें। जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है तथा यूरिया की रैक नियमित रूप से प्राप्त हो रही है। एसडीएम खाद वितरण पर कड़ी निगरानी रखें। कलेक्टर ने एसडीएम को स्वामित्व योजना और फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि सेवा पखवाड़े में अब तक 988 यूनिट खून रक्तदान शिविरों से प्राप्त हुआ है। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत लगाए जा रहे शिविरों की गतिविधि पोर्टल में लगातार अपलोड की जा रही है। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, बीएमओ, चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पर्यटन को बढ़ावा देने संजय टाइगर रिजर्व की सलाहकार समिति की बैठक आयोजित, पर्यटन को बढ़ावा देने प्रयास आवश्यकः कमिश्नर

रीवा।

संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व अमित कुमार दुबे सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सुव्यवस्थित प्रयास आवश्यक हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रिसॉर्ट्स, जिप्सी जैसी पर्यटक सुविधाओं में विस्तार करें और निजी निवेशकों को भी प्रोत्साहित करें। प्रमुख रेलवे स्टेशन, बस अड्डों तथा एयरपोर्ट पर होर्डिंग्स, सोशल मीडिया तथा गुणवत्तापूर्ण फोटो-वीडियो के माध्यम से टाइगर रिजर्व की विशेषताओं का प्रचार-प्रसार करें।कमिश्नर ने कहा कि पर्यटन विकास के लिए आंतरिक और बाहरी कॉरिडोर विकसित करना जरूरी है। बांधवगढ़, संजय टाइगर रिजर्व, चन्द्रेह और मुकुंदपुर सफारी को एक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा सकता है। जिले के भीतर भी प्रमुख पर्यटन स्थलों को चिन्हांकित कर उनके लिए कॉरिडोर विकसित करने की संभावनाओं पर कार्य करें। पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देते समय स्थानीय रोजगार को भी प्राथमिकता दें तथा स्थानीय लोगों को आवश्यक कौशल प्रदान कर उन्हें पर्यटन गतिविधियों से जोड़ें।बैठक में विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। इसके लिए कनेक्टिविटी बढ़ाना और व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्र में होम स्टे को बढ़ावा देने पर बल दिया ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। साथ ही उन्होंने संजय दुबरी टाइगर रिजर्व का नाम मोहन टाइगर रिजर्व करने का प्रस्ताव भेजने की बात कही। विधायक ने देवरी बांध, बरचर बांध और गुलाब सागर में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा देने का सुझाव भी दिया। बैठक में समिति के सदस्य चंद्रमोहन गुप्ता, संतोष सिंह, डॉ. कैलाश तिवारी, राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी (प्रबंधक परिसिली रिसॉर्ट), सरपंच दुबरी रानी सिंह और डॉ. अभय सेंगर (वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी) ने भी महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में उपखंड अधिकारी जयसिंह नगर काजोल सिंह (आईएएस), उपखंड अधिकारी मझौली आर.पी. त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर प्रियल सिंह राठौर, एसडीओ फारेस्ट बादशाह रावत सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।बॉक्स बड़का डोल बफर क्षेत्र में नाइट सफारी प्रारंभ होगी क्षेत्र संचालक अमित कुमार दुबे ने संजय टाइगर रिजर्व की पर्यटन संभावनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर्यटकों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। वर्ष 2023–24 में 6,400 से बढ़कर वर्ष 2024–25 में 9,120 पर्यटक यहां भ्रमण करने आए। उन्होंने बताया कि संजय टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को बाघ दिखने का प्रतिशत 70 से अधिक है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। इस वर्ष से बड़का डोल बफर क्षेत्र में नाइट सफारी प्रारंभ होगी तथा बड़का डोल कोर के साथ- साथ नेबुहा कोर में भी टाइगर सफारी शुरू की जाएगी।

## मोटरयान कर बकाया के कारण परिवहन विभाग ने तीन वाहनों को किया जब्त




**रीवा।** रीवा जिले में परिवहन विभाग ने मोटरयान कर के बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। परिवहन विभाग की टीम ने बुधवार को चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान तीन वाहनों को जब्त कर लिया। इन वाहनों पर कुल लगभग 5.50 लाख रुपये का मोटरयान कर बकाया है । यह कार्रवाई वाहन मालिकों को समय पर टैक्स जमा करने की चेतावनी के रूप में देखी जा रही है।परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जब्त किए गए वाहनों में दो ट्रक और एक माइंस मे चलने वाला लोडिंग वाहन शामिल हैं। इनमें से एक वाहन बिना पंजीयन है जिस पर अकेले ही पंजीयन के रूप मे 5 लाख रूपये का मोटरयान कर परिवहन विभाग को प्राप्त होगा l टीम ने वाहनों को स्थानीय थाने और परिवहन कार्यालय में खड़ा करा दिया है और मालिकों को तत्काल मोटरयान कर जमा करने के लिए कहा गया है।रीवा के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ने बताया कि हाल के सड़क सुरक्षा को विधिवत बनाने के लिए विभाग द्वारा वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इस अभियान में कुल 76 वाहनों की जांच की गई, जिसमें अन्य उल्लंघनों पर भी 25 हजार रुपये का चालान काटा गया। आरटीओ ने अपील की है कि सभी वाहन मालिक वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपना मोटरयान कर समय पर जमा करें, अन्यथा ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी।यह कार्रवाई न केवल राजस्व वृद्धि में सहायक होगी, बल्कि सड़क सुरक्षा को भी मजबूत करेगी। विभाग ने चेतावनी दी है कि बकायेदारों के खिलाफ अगले कुछ दिनों में और अभियान चलाए जाएंगे।

## माँ बूढ़ी दाई मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा का तृतीय दिवस

रीवा।



गोविंदगढ़ अंचल के ग्राम बांसा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के आज तृतीय दिवस पर पुज्य महाराज श्री राघवेन्द्र दास जी द्वारा माँ बुढ़ी दाई के श्री चरणों में प्रणाम कर गद्दी मे आसीन होकर मंगलाचरण के बाद तृतीय दिवस की कथा में आज भगवत प्राप्ति के विभिन्न रहस्यों का रसास्वादन कराया जहा कथा श्रवण हेतु श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। कथा वाचक महराज जी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान कराते ही वातावरण भक्ति एवं आनंद से परिपूर्ण हो उठा। श्रीमद्भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंग सुनकर श्रोतागण भाव-विभोर हो गए।कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पंडाल में उपस्थित भक्तों ने धर्म, संस्कृति और समाज के संरक्षण का संकल्प भी लिया। उत्सव समिति के कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्निहोत्री जी ने बताया कि आगामी 02 अक्तूबर तक कथा का क्रम जारी रहेगा, जिसमें और भी प्रेरणादायक प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। सभापति वन स्थायी समिति जिला पंचायत रीवा निर्मला संजीव द्विवेदी पिंटू ने समस्त परिवार जनों से माता रानी के दरबार मे पहुचने एवं दर्शन कर कथा रसपान करने का विनम्र आग्रह किया है।